साहित्य अकादेमी बाल पुरस्कार : हिंदी के लिए क्षमा शर्मा होंगी सम्मानित

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 नवंबर।

साहित्य अकादेमी बाल पुरस्कार 2022 का 'अर्पण समारोह' सोमवार को शाम पांच बजे त्रिवेणी कला संगम में होगा। समारोह के मुख्य अतिथि हिंदी लेखक और बाल साहित्यकार प्रकाश मनु होंगे। अध्यक्षीय वक्तव्य अकादेमी के अध्यक्ष चंद्रशेखर व समापन वक्तव्य अकादेमी के उपाध्यक्ष माधव कौशिक प्रस्तुत करेंगे। हिंदी के लिए क्षमा शर्मा को पुरस्कार जाएगा।

बाल साहित्य पुरस्कार 2022 विजेताओं में दिगंत ओजा (असमिया), जया मित्र (बांग्ला), देवबार रामसियारी (बोडो), अर्शिया सत्तार (अंग्रेजी), किरीट गोस्वामी (गुजराती), तम्मण्ण बीगार (कन्नड़), हमीदुल्लाह वानी (कश्मीरी), वीरेंद्र झा (मैथिली), ए. सेतुमाधवन (मलयालम), संगीता राजीव बर्वे (मराठी), मीना सुब्बा (नेपाली), नरेंद्र प्रसाद दास (ओड़िशा), विश्वामित्र दाधीच (राजस्थानी), कुलदीप शर्मा (संस्कृत) व अन्य शमिल हैं।